**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 08.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय ने वजीरगंज अंत्येष्टि स्थल, कंटेनमेन्ट जोन एवं शहर के अन्य स्थलो पर निरीक्षण किया गया।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संकमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।**

1– नगर आयुक्त महोदय ने कंटेनमेन्ट जोन गौहरपुरा में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ निरीक्षण किया। कंटेनमेन्ट जोन क्षेत्र में जनसामान्य का आवागमन प्रतिबन्धित करने के साथ ही साफ–सफाई, सेनेटाइजेशन,फागिंग कराये जाने के निर्देश दिये। कंटेनमेन्ट जोन के 200 मीटर रेडियस के दायरे मे क्षेत्र को सील कर अभियान चलाकर युद्ध स्तर पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। संक्रमित मरीज के आवास के नजदीक रोड पर दोनो तरफ की दुकानो को बन्द करने के निर्देश दिये गये। घंटाघर पर जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं नगर आयुक्त महोदय की देख रेख में अभियान चलाकर मास्क न लगाने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरो का चालान किया गया। पैदल, ई–रिक्शा,रिक्शा चालक,मोटर साईकिल,कार सवार आदि सभी व्यक्तियो का मास्क न लगा होने की बजह से चालान किया गया, और उन सभी व्यक्तियो को मास्क भी उपलब्ध कराये गये। इसके अतिरिक्त वजीरगंज अत्येष्टि में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशि किया गया कि अत्येष्टि स्थल के अधूरे कार्यो को 02 दिन के अन्दर अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिये जाये, इसके साथ ही साफ– सफाई व्यवस्था हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। नगर आयुक्त महोदय ने अवशेष कार्यो को यथाशीघ्र कराने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त,सहायक नगर आयुक्त,नगर स्वास्थ्य अधिकारी,मुख्य अभियन्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

2– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड–19 के संकमण के साथ–साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वैक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संकमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत **आज दिनांक 08.07.2020 को शमशानघाट नवादा, ऐमनजई जलालनगर, फत्तेपुर रेती, भारद्धाजी, बाल्मीकी बस्ती, तारीनटिकली** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव में विशेष सफाई अभियान कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य :– बीबीजई,झंडा कलां, कटिया टोला, मानूजई, अहमदपुर रेती, दिलाजाक,रामनगर, बृज बिहार कालोनी, आदि में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
8/7/2020

Generated by CamScanner